लोक सभा अध्यक्ष ने ‘‘प्रसादम रथों’’ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

इन प्रसादम रथों के द्वारा आरंभ में दिल्ली के छह अस्पतालों में मरीजों के तीमारदारों को निशुल्क भोजन दिया जाएगा।

नई दिल्ली, 21 मार्च, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज अपने नई दिल्ली स्थित निवास से "प्रसादम रथों" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इन प्रसादम रथों के द्वारा आरंभ में दिल्ली के छह अस्पतालों में मरीजों के तीमारदारों को निशुल्क भोजन दिया जाएगा।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव में सामूहिकता के साथ चलते हुए वंचित, गरीब वर्ग के लोगों को निशुल्क भोजन प्रदान करने का सामाजिक सरोकार का कार्य किया जा रहा है । उन्होंने आगे कहा कि यह सुविधा आने वाले समय में अन्य अस्पतालों के अलावा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन आदि में भी उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रसादम रथों में भोजन को पकाने और गर्म करने की सुविधा है। यह प्रसादम रथ अब शहर के राम मनोहर लोहिया अस्पताल, सफदरजंग अस्पताल, लेडी हार्डिंग अस्पताल सहित छह अस्पतालों में मरीजों के तीमारदारों को गर्म, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाएंगे।

ये प्रसादम रथ स्वयं श्री बिरला की ओर से ही उपलब्ध करवाए गए हैं।